## कोडरमा में सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित निरू पहाड़ी के पास बस और हाईवा की जोरदार टक्कर मे आधा दर्जन लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार भानू यात्री बस बी आर 11 पी सी 9038 पूर्णिया से रांची की ओर जा रही थी। इसी दौरान डोमचांच थाना क्षेत्र के निरू पहाड़ी मे एक हाईवा जे एच 02बी पी 8635 से टक्कर हो गयी जिसमें बस के उप चालक सहित छह लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान अनवर आलम, 33, किशनगंज, बिहार, रामेंद्रनाथ पांडेय, कटिहार, बिहार, अजनार राय, 10 वर्ष, सुमन चौधरी, 46, रजनी देवी, 40, सजदा खातून, 5, रोहित कुमार 2 बिहार के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार टक्कर बहुत जोरदार थी और आवाज सुनकर आसपास के लोग काफी संख्या में पहुंचे। पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस और ग्रामीणों के मदद से बस चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकल गया। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। जहां इलाज करके तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## न्यायालय कर्मी हुई साइबर ठगी की शिकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा न्यायालय की एक महिला कर्मी साइबर ठगी का शिकार हुई है.। साइबर ठग ने खुद को एक ऑनलाइन कंपनी का स्टाफ बताकर महिला कर्मी प्रियंका कुमार से आठ हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना को लेकर महिला कर्मी ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया है.। प्रियंका कुमारी ने बताया है कि वह व्यवहार न्यायालय में सहायक है। न्यू कॉलोनी में किराये के मकान में रहती है.। 20 जनवरी 2025 को उन्होंने ऑनलाइन कंपनी से दो सामान खरीदा था, जिसकी कीमत 1751 रुपये थी। इस बीच दो अलग-अलग नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को उक्त ऑनलाइन कंपनी का स्टाफ बताते हुए कहा कि आपने जो ऑर्डर किया था उसका पेमेंट नहीं आया है। मैंने कहा कि उसी दिन ऑनलाइन पेमेंट कर दिया गया है, तब उसने वो पैसे रिफंड कर दिया और फिर से पेमेंट भेजने के लिए कहा। इसी दौरान बातों में उलझा कर मुझसे अलग-अलग बार कुल आठ हजार रुपये की ठगी कर ली। महिला ने दर्ज मामले में रामप्रवेश मांझी, मिथुन मांझी, रामप्रवेश साव के यूपीआई स्कैनर के माध्यम से रुपये मंगवाने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रविवार को सीटू मनायेगा महिला दिवस

**कोडरमा।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) जिला कमिटी के द्वारा रविवार 9 मार्च को झुमरीतिलैया ब्लॉक परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं का वैश्विक त्योहार है। इस दिन हम अपने अधिकार की रक्षा के लिए और महिलाओं का शोषण के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लेंगे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया हुए सम्मानित

**विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ मुखिया करें नियमित बैठक, शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए करें अनुश्रवण : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के द्वारा जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पंचायतों के मुखिया और मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त नैंसी सहाय शामिल हुई।

उपायुक्त ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए उपस्थित सभी मुखियाजनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा सभी मुखियाजनों को कई दायित्व सौंपे गये है। पंचायत अंतर्गत जितने भी शिक्षण संस्थान और विद्यालय है उन संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान हो इसके लिए नियमित रूप अनुश्रवण किये जाने चाहिए। साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कौन कौन से प्रभावी कदम उठाये जा सकते है इस ओर प्रयास किये जाने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चों में ड्रॉप आउट एक प्रमुख समस्या है, इसमें कमी लाने के लिए मुखियाजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मुखियाजनों को विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ नियमित बैठक कर ड्रॉप आउट की संख्या में कमी लाने और विद्यालयों में सौ फीसदी बच्चों की उपस्थिति हो इसके लिए भी प्रयास करें। उन्होंने विद्यालयों में दिये जाने वाले मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर भी नियमित निरीक्षण करने की बात कही।

जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम में सभी 16 प्रखंडों से एक-एक मुखिया का चयन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखियाजनों को उपायुक्त के हाथों सम्मानित किया गया। जिनमें बरही प्रखंड के मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव, बड़कागांव प्रखंड के चेपाकलां के मुखिया अनिकेत कुमार नायक, बरकट्ठा के गयपहाड़ी पंचायत के मुखिया कलावती देवी, विष्णुगढ़ के सारुकुदुर पंचायत के मुखिया उत्तम कुमार महतो,चलकुशा पंचायत के मुखिया अलख देव सिंह, चौपारण के बच्छई पंचायत के मुखिया वीरेंद्र रजक,डाडी के डाडी पंचायत के मुखिया लखन लाल महतो, चुरचू के बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, दारू प्रखंड के इरगा पंचायत के मुखिया अनीता देवी, हजारीबाग के सदर पंचायत के मुखिया कृष्ण प्रसाद मेहता, इचाक के मंगुरा पंचायत के मुखिया मीना देवी, कटकमदाग के मसरातु पंचायत के मुखिया ज्योति देवी, कटकमसांडी के कटकमसांडी के मुखिया श्रीति पांडे, केरेडारी के केरेडारी पंचायत के मुखिया सोनिया देवी, पद्मा प्रखंड के मुखिया अनिल कुमार मेहता और टाटीझरिया के टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव को उपायुक्त के हाथों सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डी ई ओ प्रवीण रंजन, डीएसई आकाश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण पर प्रशिक्षण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा अंचल सभागार में प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण से संबंधित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण 07 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा। उपायुक्त ने बताया कि प्लास्टिक वेस्ट रीसायकल यूनिट हेतु डीएमएफटी फंड द्वारा चंद्रौदी कोडरमा में एक प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। इस हेतु कचरा सैरीगेट करने से संबंधित 35 प्रशिक्षकों को विस्तृत रूप से बताया गया। जिसमें प्लास्टिक सेग्रीगेशन करने से संबंधित प्रशिक्षण पैंटीस फाउंडेशन कार्यकारिणी एजेंसी द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी कोडरमा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा, प्रशासक झुमरी तिलैया और प्रशासक कोडरमा की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण स्वयं सेविका समुह की महिलाएं प्रशिक्षु महिलाये और नगर परिषद के कर्मी व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।**

### डीसी ने बीएलओ के साथ की बैठक

## डोर टू डोर सर्वे की त्रुटियों को सुधारने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** अत्यंत पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर टू डोर सर्वे से संबंधित बिरसा मुण्डा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में एक बैठक आहुत किया गया। नगर प्रबंधक, डोर-टू-डोर सर्वे कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारी, कर्मी और संबंधित बीएलओ बैठक में भाग लिया। उपायुक्त ने अत्यंत पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर टू डोर सर्वे से संबंधित कार्यों की जानकारी ली और सर्वे में किये गये त्रुटियों को सुधारने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ, अनुश्रवण समिति के सदस्य और प्रगणक अत्यंत पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर टू डोर सर्वे से संबंधित रिपोर्ट का सत्यापन करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेर्दु, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, श्रम अधीक्षक अनिल रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद वर्णवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, प्रशासक, झुमरी तिलैया, नगर परिषद विनीत, प्रशासक, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच शंभु प्रसाद कुशवाहा समेत अन्य मौजूद रहे।

## झरपो में साहू समाज का चार दिवसीय नाग पूजा हवन-भंडारे के साथ संपन्न

**तैलिक समाज के अध्यक्ष ने पूजा में विघ्न उत्पन्न ना हो इसलिए अपनी मृतक मां को तीन दिनों से बर्फ में रखा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो उचका पत्थर तैलिक समाज के लोगों ने चार दिवसीय नागराज पूजा बलि और भंडारा के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। सुबह से ही धूमधाम के साथ नाग देवता की पूजा अर्चना किया गया। बता दे कि पूजा के उपलक्ष्य में गुरुवार रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। रातभर भक्ति गीतों से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। शुक्रवार की सुबह से ही नाग पूजा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। परंपरा के अनुसार पूजा में दस बकरे की बलि देकर नाग देवता को प्रसन्न किया गया। वहीं ढाक की थाप की धुन से टिप्पण भगत बलि के चारों और नृत्य कर नागराज और भक्तों को प्रसन्न किया। अंत में बलि का प्रसाद के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें साहू समाज के साथ जनप्रतिनिधि, प्रतिनिधि और ग्रामीणों सहित सैकड़ों लोगों ने भी भंडारा का लुप्त उठाया। इस अवसर पर तैलिक समाज के अध्यक्ष सरयू साहू, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष कौलेश्वर साव, अशोक साव, बिरजू साव, छोटी साव, नारायण साव, प्रभु साव इंदर साव सहित साहू समाज के लोग शामिल थे।

तैलिक समाज द्वारा चार दिवसीय नागराज पुजा में विघ्न उत्पन्न ना हो इसलिए तैलिक समाज के अध्यक्ष सरयु साव पिता स्व. गोविंद साव की 95 वर्षीय मां उगनी देवी के पार्थिव शरीर को तीन दिनों से बर्फ में रखा है। पांच मार्च को सरयू साव की मां का देहांत हुआ था तब से पुजा संपन्न होने तक शरीर को बर्फ में रखा गया है। इनके तीन बेटे नारायण साव, सरयू साव और बिरजू साव और दो बेटी है।

## दो दिन की पूछताछ के बाद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को भेजा गया जेल

**श्रीवास्तव ने गोलीबारी और रंगदारी की कई वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस के द्वारा श्रीवास्तव गिरोह के मुख्य सरगना अमन श्रीवास्तव को डिमांड पर लिया गया था। 5 मार्च को रिमांड पर लेने के बाद दो दिनों तक लगातार पूछताछ हुई। शुक्रवार को पूछताछ पूरी होने के बाद उसे दोबारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शुक्रवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि अमन श्रीवास्तव ने कई गोलीबारी और रंगदारी की वारदातों में अपने संलिप्तता स्वीकार की है। उसे रंगदारी के ही एक मामले में पतरातू थाना में दर्ज कांड 292/24 में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान उसके संगठन में सक्रिय लोगों, वर्तमान गतिविधि और पुराने लंबित मामलों में शामिल रहे सहयोगी के बारे में पूछताछ हुई।

**गोलीबारी में शामिल लोगों का बताया नाम :** रंगदारी के रूप में लिए जाने वाले पैसों के संबंध में भी पुलिस को जितनी जानकारी थी, उसे लेकर अमन से पूछा गया। अमन श्रीवास्तव ने पुलिस को अपने संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उसने यह भी बताया कि वर्तमान समय में उसके कौन-कौन से सहयोगी काफी सक्रिय हैं। यहां तक कि उसने पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के पास निमार्णाधीन ओवर ब्रिज में लगे पोकलेन मशीन पर गोली चलवाने की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने यह भी बताया कि उस गोली कांड में रांची जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डेलाटोली, कोकर के रहने वाले साहिल सिंह और लालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू नगरा टोली के रहने वाले राहुल वर्मा ने सक्रिय भूमिका निभायी थी।

## 'नारी शक्ति सप्ताह' में डाक विभाग ने उत्कृष्ट सेवा के लिए महिलाकर्मियों को किया सम्मानित

**नारी सशक्तिकरण के लिए डाक विभाग की ओर से तमाम सेवाएं संचालित की जा रही हैं : सहायक डाक अधीक्षक**

आजाद सिपाही सवांददात



### इन महिलाओं को किया गया सम्मानित

आयोजित सम्मान समारोह में सरोजनी, रिमझिम कुमारी, बबीता कुमारी, स्वेता कुमारी, भारती टुडु, अंजली कुमारी, जसमीना परवीन, मानसी भट्टाचार्जी, स्नेहा कुमारी पूनम कुमारी, सीमा कुमारी, संजू कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, सीमा कुमारी 2, कोमल कुमकुम शामिल थे।

**रामगढ़।** देशभर में इंटरनेशनल महिला दिवस मनाया जायेगा। जिसके चलते रामगढ़ प्रधान डाक घर में डाक विभाग की ओर से नारी शक्ति सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के निर्देशानुसार किया जा रहा है। शुक्रवार को रामगढ़ प्रधान डाक घर मे नारी शक्ति के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक डाक अधीक्षक हजारीबाग हेड क्वार्टर विश्वजीत राय, विशिष्ठ अतिथि सहायक डाक अधीक्षक रामगढ़ नवीन अग्रवाल, डाक निरीक्षक रामगढ़ पूर्वी अनुमंडल आशीष पांडेय, रामगढ़ प्रधान डाक रामगढ़ कैंट के पोस्ट मास्टर मनोज कुमार मौजूद थे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सहायक डाक अधीक्षक हजारीबाग हेड क्वार्टर विश्वजीत राय, ने डाक सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और युवतियों को प्रशस्ति पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डाक विभाग के वरीय पदाधिकारियों ने महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान एक दर्जन से अधिक महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मौके पर रामगढ़ पूर्वी अनुमंडल के डाक अधिदर्शक सर्वेश कुमार, रामगढ़ अनुमंडल के डाक अधिदर्शक प्रभु मुंडा सहित कुंदन कुमार, अभिनाश कुमार, आशीष झा, शैलेंद्र कुमार सिंह, बबन राय शामिल थे।

रामगढ़ के सहायक डाक अधीक्षक नवीन अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत महिलाएं आज सामाजिक व आर्थिक बदलाव की नई कहानियां गढ़ रही हैं।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गयी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, पेयजलापूर्ति, उग्रवादी हिंसा से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।**

## चतरा में भाजपा का होली मिलन समारोह आज

**चतरा(आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में आठ मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से होली मिलन समारोह शुरू होगा। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता दी। उन्होंने बताया कि समारोह में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को उपस्थित होकर होली मिलन समारोह सफलत बनाने की अपील की है। रंगों का यह त्योहार आपसी भाईचारे को बढ़ाता है।**

## ट्रैक्टर से अंग्रेजी शराब बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** पुलिस द्वारा हंटरगंज-कुलेश्वरी मार्ग स्थित डाहा मोड़ के समीप शुक्रवार की सुबह वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान ईट और मिट्टी लदा ट्रैक्टर को रोक कर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान ट्रैक्टर के ट्रेलर में ईट के नीचे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसे जप्त कर ट्रैक्टर के साथ थाना लाया गया। मौके पर अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। रॉयल स्टैग कंपनी के 37 पेटी मैं 375 एमएल का 888 बोतल, इंपीरियल ब्लू कंपनी के 28 पेटी मैं 375 एमएल का 672 बोतल, रॉयल चैलेंजर कंपनी के 07 पेटी में 375 एमएल का 168 बोतल, कुल 1728 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त किया गया वहीं एक महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर भी जब्त किया गया गिरफ्तार तस्कर गया जिला के टेकारी थाना क्षेत्र के मकपा गांव निवासी मिथिलेश कुमार, और चतरा जिला के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के कटैया गांव निवासी जीतू भारती शामिल है दोनों को गिरफ्तार का चतरा जेल भेज दिया गया है। जिसकी जानकारी थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा द्वारा दिया गया। साथ ही बताया गया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि होली के त्योहार को लेकर भारी मात्रा में हंटरगंज से बिहार अंग्रेजी शराब भेजा जा रहा है जिसे लेकर छापामारी अभियान चलाया गया और भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त किया गया पुलिस के छापामारी से शराब तस्कर में काफी हड़कंप मचा हुआ है छापामारी अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा, एस ई नीतीश कुमार प्रसाद, एस ई पुरुषोत्तम अगिनहोत्री, के अलावा कई पुलिस के जवान और चौकीदार शामिल थे।

### डीएमएफटी फंड से होगा मरम्मत कार्य, अधिकारियों को मिला निर्देश

## जलमीनार की 25 दिनों में करें मरम्मत: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



### समय पर पूर्ण हो योजना

डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यकारी एजेंसी द्वारा योजना कार्यान्वयन के पूर्व पुण: सुनिश्चित कर लिया जाये कि योजना सामाजिक लाभ और उन्नति का है। यदि योजना सामाजिक लाभ का नहीं है तो इसे किसी भी परिस्थिति में कार्यान्वित नहीं किया जायेगा। योजना का कार्यान्वयन प्राक्कलित विशिष्टियों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ कराना है। प्राक्कलन में दर्ज गुणवत्ता और विशिष्टियों के अनुरूप कार्य नहीं करने पर कार्यकारी एजेंसी पर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। योजना निर्माण मरम्मती का कार्य 25 दिनों के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**रामगढ़।** गर्मी का मौसम जल्द ही लोगों को रुला सकता है। ऐसे में रामगढ़ जिला प्रशासन ने जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पहले से ही इंतजाम करना शुरू कर दिया है। डीसी चंदन कुमार ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर अहम बैठक की। उन्होंने कहा कि खराब पड़े नलकूप, डीप बोरिंग और जल मीनार को 25 दिनों के अंदर मरम्मत कर सुधार देना है। इसके लिए डीएमएफटी फंड से राशि निर्गत की जायेगी। जिले के सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर नलकूपों, डीप बोरिंग, जलमीनार की मरम्मती के संबंध में जनप्रतिनिधि और संबंधित पदाधिकारियों को दिया निर्देश दिया गया है।

**प्रथम चरण में 316 योजनाओं की होगी मरम्मती :** डीसी चंदन कुमार ने बताया कि सर्वेक्षण सूची के आधार पर पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल से प्राप्त सूची के आलोक में प्रथम चरण में प्रत्येक पंचायत में तीन-तीन कुल 316 योजनाओं का मरम्मती होगी। इस कार्य के लिए डीएमएफटी मद से राशि स्वीकृत होगी। संबंधित ग्राम पंचायत को कार्यकारिणी एजेंसी नामित कर जिले में खराब पड़े पेयजल संबंधित नलकूपों, डीप बोरिंग, जलमीनार की मरम्मती करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

## बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर होगा राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव: सांसद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के चलते रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का श्री बंशीधर नगर (नगर उंटारी) रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा। विदित है कि उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर की जनता लगातार मांग कर रही थी। इस संबंध में सांसद बीडी राम द्वारा लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पत्राचार और व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। सांसद ने बताया कि उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। इस ट्रेन के श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अभार जताया है।

## जन आरोग्य समिति की बैठक में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने पर हुई चर्चा

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सरसोत पंचायत सचिवालय भवन में शुक्रवार को जन अरोग्य समिति की मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया विनय कुमार सिंह और संचालन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ प्रेमा रेशमी खलको ने किया। इस अवसर पर मुखिया ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य विभाग की पहल पर जन आरोग्य समिति का गठन किया गया है। ताकि सेंटर के पोषक क्षेत्र के लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। बैठक में बीडीटी कृष्ण मुरारी, एएनएम मंजू देवी, सहिया चिंता देवी, सरिता देवी, रेणु देवी, रेखा देवी, विगनी देवी, अशोक कुमार, मौजूद संतोष शर्मा, कामू मेहता आदि मौजूद थे।

# जिला परिषद से आवंटित दुकानों का बढ़ा किराया

### लंबी अवधि से दुकानों का किराया जमा नहीं करने पर आवंटन होगा रद्द

### प्रखंड मुख्यालयों में गेस्ट हाउस एवं सतबरवा में मैरेज हॉल का होगा निर्माण

**- जिला परिषद बोर्ड की बैठक में राजस्व संग्रहण एवं जनहित के कई एजेंडा पर हुआ निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों के साथ बैठक करती जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी।

**मेदिनीनगर।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय स्थित डीडीसी के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने की। बैठक में गत बैठक के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही विभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व संग्रहण एवं जनहित के कई एजेंडों पर निर्णय लिया गया। बैठक में लंबी अवधि से दुकानों का किराया जमा नहीं करने पर आवंटियों का आवंटन रद्द करने और बकाया किराया वसूली के लिए सर्टिफिकेट केश दर्ज करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही पुराने, जर्जर दुकानों, भवनों की मरम्मति कराने के साथ ही शटर बदलने एवं दुकानों के सामने चारदीवारी तुड़वाने को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में बीपीएएमएस अंतर्गत जिला परिषद स्तर से नक्शा स्वीकृति के लिए नोटिस भेजने का भी निर्णय लिया गया। लगे हाथ जिला परिषदीय आवंटित दुकानों का किराया प्रत्येक वर्ष पांच प्रतिशत बढ़ोत्तरी करने पर निर्णय लिया गया। दुकानों का किराया एक जनवरी 2018 से अपरिवर्तित है। जिला परिषद कर्मी द्वारा किराया वसूली के लिए प्रखंड भ्रमण पर यात्रा भत्ता एवं चाय-नाश्ता के लिए भत्ता स्वीकृति की गयी। आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण में स्थल विवाद से अच्छादित योजनाओं के समय वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया। विदित हो कि वर्तमान में करीब 50 आंगनबाड़ी केन्द्र योजनाओं में स्थल विवाद चल रहा है। इसके निस्तारण हेतु अंचल एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा समेकित प्रयास किया जा रहा है। वहीं, 15वें वित्त आयोग मद की 2020-21 एवं 2021-22 की शुन्य प्रगति वाले योजनाओं को रद्द करने के लिए सभी पार्षद से पुनः आवेदन मांगे गये हैं, जिनपर आवेदन प्राप्त है, को रद्द करने का प्रस्ताव पास किया गया। जिला परिषद में अनुमंडल स्तर पर तीन एवं विश्रामपुर में एक (कुल चार) मोक्ष वाहन क्रय करने पर स्वीकृति प्रदान की गयी। जिला परिषद में एक रात्रि प्रहरी रखने और एक जेसीबी क्रय करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बताया गया कि किसी काम के लिए गैरसरकारी जेसीबी लेकर कार्य कराना पड़ता है। इसमें अत्यधिक राशि खर्च होती है। अपना जेसीबी होने से कार्य कराने में आसानी होगी। विभिन्न जिला परिषदीय इकाईयों के निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं हैदरनगर में व्यवसायिक इकाई, प्रखंड मुख्यालयों में गेस्ट हाउस, सतबरवा में मैरेज हॉल पीपीटी मोड में दुकान, व्यवसायिक भवन निर्माण, मार्केट कम्पलेक्स एवं स्वागत द्वार निर्माण का निर्णय लिया गया। वहीं, जिला परिषद की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण एवं अनुपस्थित पदाधिकारियों के साथ अप्रैल में अलग से बैठक कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह सहित जिला परिषद के सदस्य एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी शब्बीर अहमद, कार्यपालक पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नाबालिग चला रहे ओवरलोड टेंपो, पुलिस बनी मूक दर्शक



ओवरलोडेड टेपों में जान जोखिम में डालकर सवारी करते लोग।

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर और रेहला थाना क्षेत्रों में इन दिनों नाबालिक बच्चे सभी रूट के मुख्य सड़कों पर धड़ल्ले से ओवर लोडेड टेंपो चला रहे हैं। जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। नाबालिक चालक टेंपो पर ओवरलोड सवारी लेकर तेज रफ्तार में चल रहे हैं, जिससे कई बार घटना भी घट चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन बेखबर बन हुआ है। शुक्रवार को कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने अभियान चलाकर इसके प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया। उन्होंने नाबालिक टेंपो चालकों को फटकार भी लगायी। यात्रियों को भी समझाया। उन्होंने पुलिस से भी आग्रह किया कि नाबालिक चालकों एवं ओवरलोड को रोकने की दिशा में कानून सम्मत कार्रवाई करे।

## सरसों तेल मशीन की चपेट में आने से किशोर का कटा हाथ, हालत नाजुक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** तेल मशीन की चपेट में आने से एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे विश्रामपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये रांची रेफर कर दिया गया। घटना शुक्रवार शाम पांच बजे की है। जानकारी के अनुसार पांडू थाना क्षेत्र के बंदला गांव निवासी दिलीप चौधरी का 14 वर्षीय पुत्र नीरज चौधरी घर से सरसों लेकर तेल मिल में गया था। वहीं उसका दायां हाथ तेल मशीन में चला गया। जिससे उसका हाथ शरीर से अलग हो गया। उसे तत्काल विश्रामपुर सीएचसी लाया गया। उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया है। तेल मशीन बंदला गांव के ही रामकिशन चौधरी की बतायी जा रही है।

## स्वास्थ्य मंत्री से मिले समाजसेवी, पलामू की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** समाजसेवी सह राजनेता ऋतुराज मिश्रा ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के रांची स्थित विधानसभा कार्यालय में जाकर मुलाकात की। ऋतुराज मिश्रा ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ पलामू के स्वास्थ सुविधाओं पर चर्चा की। उन्हें सरकारी अस्पतालों के वर्तमान हालात की जानकारी दी। निजी अस्पतालों की मनमानी से भी अवगत कराया। कहा कि निजी अस्पताल संचालक मरीजों की मजबूरियों का फायदा उठाकर उनसे मनमाना पैसा वसूलते हैं। जिसपर रोक लगाने की जरूरत है। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि प्रदेश के सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकारी या गैर सरकारी अस्पतालों में कुछ भी गलत होता है तो इसकी जानकारी तुरंत फो1न कर के दें। जांचोपरांत दोषियों पर समुचित कार्रवाई की जायेगी। ऋतुराज मिश्रा ने स्वास्थ्य मंत्री को पलामू आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

## कोल्ड फॉगिंग धुएं से तीन गुणा ज्यादा फायदेमंद: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर हमेशा अपने कार्यों की बदौलत चर्चा में बनी रहती है। वह पद से हटने के बाद भी अपने शहर की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए अपने निजी खर्च से कई कर्मियों को रखकर समानांतर निगम चला रही हैं। उन्होंने अपनी टीम में दो इलेक्ट्रीशियन, तीन माली, दो पानी पटाने के लिए कर्मी, टैंकर और ड्राइवर रखकर सारे चौक-चौराहों, डिवाइड, गांधी उद्यान, मरीन ड्राइव के लाइट एवं फूल पत्तियों की देखभाल करवा रही हैं। अब वॉटर बेस्ड कोल्ड फागिंग मशीन नया खरीद कर पूरे शहर में फागिंग भी करवा रही हैं। इस मशीन की खूबी है की इसमें धुआ नहीं होता, लेकिन मच्छर मारने की शक्ति वॉटर बेस्ड फॉगिंग होने के चलते धुआं वाले मशीन से तीन गुना ज्यादा होती है। यह मशीन महंगी जरूर है पर स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। यह वॉटर बेस्ड मशीन दिल्ली, मुंबई, इंदौर, चंडीगढ़ के बाद अब रांची और प्रथम महापौर के निजी खर्चे से खरीद कर डाल्टनगंज में संचालित की जा रही है। इन दिनों यह भी चर्चा है कि कुछ दिन पहले शहीद चौक का डिवाइडर एक ट्रक के टकराने से क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे निगम टेंडर करा कर बनाने में महीनों लगाता, लेकिन अरुणा शंकर ने रातोंरात राजमिस्त्री लगाकर उसे तुरंत बनवा दिया। अब पूरे डिवाइडर को लाखों रुपया खर्च करते रंग रोगन करा रही है। इस संबंध में जब पत्रकारों ने प्रथम महापौर से बात की तो उन्होंने कहा कि मुझे एक बार निगम की जनता ने जब नगर माता बना दिया तो मेरा फर्ज है मैं पद पर रहूं ना रहूं शहर की खूबसूरती को बनाए रखना मेरा और शहर के हर नागरिक का दायित्व है। अरुणा शंकर ने कहा कि अभी ओवर ब्रिज के लाइट भी बदले जाएंगे। मैं जयपुर से मंगवा रही हूं, ताकि हमारा शहर दुल्हन की तरह सजा लगे।

## नौ तक माइ भारत पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें युवा : प्राचार्य

**विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के संभाषण को लेकर एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य ने की प्रेस वार्ता**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 संभाषण प्रतियोगिता आयोजन को लेकर प्रमंडल स्तरीय पलामू गढ़वा, लातेहार जिलों का केंद्र जपला के अवधेश कुमार सिंह डिग्री कॉलेज को बनाया गया है। एनएसएस एवं नेहरू युवा केंद्र की अगुवाई में 18-19 मार्च के आयोजित होने वाले प्रतियोगिता की सफलता को लेकर प्राचार्य डॉ सूर्यमणि सिंह एवं नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता किया। बताया कि यह कार्यक्रम देशभर में भारत सरकार की ओर से आयोजित की जा रही हैं। इसमें खुशी की बात है कि झारखंड में कुल छह नोडल केंद्र बनाया गया है, जिसमें पलामू प्रमंडल के लिए एक नोडल केंद्र बनाया हैं। जिसका आयोजन जपला में होना है। सबसे पहले 18 से 25 वर्ष तक के सभी युवा इसमें भाग ले सकते हैं। इसके लिए माय भारत पोर्टल में नौ मार्च तक ऑनलाईन पंजीकरण करना अनिवार्य है। उसके बाद विकसित भारत आपके लिए क्या मायने रखता हैं इस विषय पर 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर भाषण देते हुए एक मिनट का वीडियो बनाकर विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिंक में प्रोफाइल अपलोड करना है। कहा कि कार्यक्रम में भाग लेने वालों युवाओं को भारत सरकार की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस लिए ज्यादा से ज्यादा छात्र छात्रा इस कार्यक्रम में शामिल हों, जिसके लिए कोई शुल्क नहीं लग रहा हैं।

## बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर दी बधाई



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर विश्रामपुर के पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने खुशी जतायी है। भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए पार्टी आलाकमान और विधायकों के प्रति आभार प्रकट किया है। कहा कि सिर्फ पार्टी को ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश को बाबूलाल मरांडी जी के अनुभव का लाभ मिलेगा। वहीं, बधाई देने वालों में सतीश्वर प्रसाद सिंह, शिवबंश मिश्रा, कुश कुमार ओझा, रामनिवास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, सुशील शुक्ला, पवन शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला और रामप्रवेश मेहता आदि शामिल थे।

## आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत ग्राम पचमो में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर शुक्रवार को जन औषधि दिवस पर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत सलैया की मुखिया कमला देवी ने किया। इस दौरान रक्तचाप, शुगर सहित कई प्रकार के रोगों का मुफ्त जांच कर दवा दी गई। वहीं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रभारी डॉ बबलू कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है।**

### धनबाद की डीसी ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

## अवैध खनन की रोकथाम में बीसीसीएल भी करे सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि खनन से संबंधित विधि-व्यवस्था का मुद्दा कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी संयुक्त रूप से जवाबदेही होंगे। बीसीसीएल भी सतर्क रहे और यह सुनिश्चित करें कि अवैध खनन को लेकर जिले में विधि व्यवस्था नहीं बिगड़े। अवैध खनन रोकने में थाना और अंचल को सहयोग करें। अवैध खनन के कारण होने वाली घटना की विस्तार से जांच करें और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करें। डीसी ने कहा कि कुछ लोग जीएसटी का दुरुपयोग कर अवैध खनन को बढ़ावा दे रहे हैं। जिस कारण सरकार को राजस्व की हानी होती है। इस दिशा में सभी सतर्क रहे। बीसीसीएल भी इसमें सक्रिय रुप से सहभागिता सुनिश्चित करें। वहीं डीसी ने हर महीने स्थानीय स्तर पर थाना, अंचल, बीसीसीएल तथा सीआइएसएफ को बैठक कर क्षेत्र के ज्वलंत मामलों पर चर्चा कर समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन में संलिप्त के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, सूचना तंत्र को मजबूत करने तथा इंटेलिजेंस फैलियर न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में मौजूद सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि कोयले का खनन बाधित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। विधि व्यवस्था बिगाड़ने के लिए कई असामाजिक तत्व सक्रिय हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही खनन क्षेत्र में वैध एवं अवैध रूप से रह रहे लोगों की जानकारी प्राप्त कर उनके संबंध में रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा। जिससे लोगों को खनन क्षेत्र से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा सके।

### अधिकारी ने लंबित पीएम आवास का लिया जायजा

## प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूरा करने का दिया निर्देश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश हंस और नपं कर्मियों ने नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में घूमकर प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति का जायजा लिया। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की प्रगति रिपोर्ट कच्छप गति में थी। कई पार्षदों ने पूर्व के आवास में निर्माण के बाद भी पैसा बकाया की शिकायत की थी। जिसके आलोक में शहर के वार्ड-6 के रविदास नगर एवं वार्ड-1 के भुईया टोली में लंबित पीएम आवास की स्थिति का जायजा लिया एवं भूमिगत रिपोर्ट की जांच की। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक को राशि भुगतान के बाद निर्माण कार्य में गति लाने का निर्देश दिया, ताकि आगे के लक्ष्य को सरकार स्तर तक प्रेषित किया जा सके। इसके अलावा शहर में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लेकर भूमिगत सत्यापन किया। साथ ही लोगों से आवश्यक रूप से कचरा ना फैलाने का आग्रह किया गया। इस मौके पर नपं सुपरवाइजर रवि कुमार यादव और संजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी सह पूर्व प्रत्यासी के चाची का निधन, शोक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी सह विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुके बिनोद कुमार सिंह की चाची और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व ललन कुमार सिंह की मां राजकुमारी कुंवर का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 92 साल की थीं, और पिछले कुछ महीने से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर सुनकर शहर के सिद्धनाथ नगर स्थित आवास पर लोगों का तांता लग रहा। उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर विधायक संजय सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, बिहार सरकार में पूर्व मंत्री रहे लक्ष्मण राम, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह, बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी, झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ एजाज आलम, वशिष्ठ कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, प्रभात कुमार उर्फ मुन्नू सिंह, रवींद्र कुमार उर्फ बबलू सिंह, सैयद तकी हुसैन, श्रवण अग्रवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी अशोक कश्यप, मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार और मुखिया योगेंद्र सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

